**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 14.09.2026**

# जालौन पुलिस के द्वारा Mini Field Unit - Forensic first responders की पहल

**अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में प्रत्येक थाना स्तर पर फील्ड यूनिट का गठन किया गया तथा चयनित कर्मियों को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षित किया गया।**

अपर पुलिस अधीक्षक जालौन की उपस्थिति में पुलिस लाईन उरई सभागार कक्ष में Mini Field Unit - Forensic first responders विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें प्रत्येक थाने में 2 पुलिस कर्मियों को फॉरेंसिक कार्यशाला आयोजित कर घटनास्थल पर first responder के दायित्वों की मानक संचालन प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया ताकि हर घटना में scientific साक्ष्य संकलन सुनिश्चित कर क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को मजबूत बनाया जा सके।

कार्यशाला के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान समय में अपराध अन्वेषण की प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक, निष्पक्ष एवं प्रभावी बनाने के लिए फोरेन्सिक साक्ष्यों का प्रयोग अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली में केवल पारंपरिक साक्ष्यों पर निर्भर रहने के स्थान पर वैज्ञानिक साक्ष्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे अपराध की निष्पक्ष एवं त्वरित विवेचना संभव हो सके। कार्यशाला में फोरेन्सिक साक्ष्य संकलन की विधियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा पुलिस कर्मियों को घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करते समय बरती जाने वाली सावधानियों का पालन करने तथा वैज्ञानिक जांच प्रक्रिया के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।